# भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली का वृहद कार्यक्रम, हर बूथ पर गूंजी मन की बात

जागरण वैढ़न

भारतीय जनता पार्टी संगठन ने आज जिले में अपनी डिजिटल कनेक्टिविटी और सांगठनिक मजबूती का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह के कुशल नेतृत्व में आज सिंगरौली जिले के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से देखा और सुना गया। इस वृहद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को एक.एक बूथ का विशेष प्रभार सौंपा गया था। जिले भर के 950 से अधिक बूथों के लिए संगठन द्वारा प्रभारी निर्धारित किए गए थे। जिनके देखरेख में ये अभियान चला। प्रत्येक मास के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेडियो पर अपने मन की बात कार्यक्रम मे देशवासियों को सीधे संबोधित करते हैं तथा विभिन्न विषयों पर अपने मन की बातों को रखते हैं।



### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि, विचारों से हुए प्रेरित

वर्तमान में भाजपा संगठन जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं जयंती वर्ष को संस्मरण पखवाड़ा के रूप में मना रहा है इसी क्रम में आज प्रत्येक बूथ पर वरिष्ठ नेताओं और बूथ कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाध्चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को डॉ. मुखर्जी के संघर्षमय जीवनए उनके देशप्रेम और सिद्धांतों से अवगत कराते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात सभी ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री की मन की बात् सुनी।

### बूथ स्तर पर दिखा भाजपा का डिजिटल दम

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता भाजपा का डिजिटल अभियान रहा। संगठन ने अपने कार्यकर्ताओं को आधुनिक और तकनीक.मित्र बनाने के लिए एक विशेष डिजिटल प्रशिक्षण अभियान चलाया। मन की बात कार्यक्रम की समाप्ति के तुरंत बाद सोशल मीडिया और विभाग से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिया खास बात यह रही कि कार्यकर्ताओं ने न केवल प्रशिक्षण लिया बल्कि ऑनलाइन पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर तुरंत अपना डिजिटल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। सीधे संवाद के साथ.साथ कार्यकर्ताओं से डिजिटली जुड़ने की यह अनूठी पहल भाजपा की डिजिटल कनेक्टिविटी में महारत का एक जीवंत उदाहरण बनकर उभरी।

### दिग्गजों ने संभाली बूथों की कमान

इस वृहद कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक ने स्वयं बूथों पर मोर्चा संभाल रखा था। कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कान्तदेव सिंह सिंगरौली विधानसभा के बूथ संख्या 22 पर उपस्थित रहे तो वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह ने सिंगरौली विधानसभा के बूथ संख्या 86 पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह बूथ संख्या 132 जिला उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम प्रभारी पूनम गुप्ता बूथ क्र.58 पर उपस्थित रहे इनके अतिरिक्त जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नेताओं जिला पदाधिकारियों मंडल प्रभारियों और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों ने अपने.अपने पूर्व निर्धारित बूथों पर उपस्थित होकर इस पूरे आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा जिले के अन्य जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेता जिला पदाधिकारी मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों ने अपने पूर्व निर्धारित बूथों पर पहुंचकर इस वृहद कार्यक्रम को शत.प्रतिशत सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर बूथ पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण मन की बात का श्रवण और डिजिटल प्रशिक्षण का यह त्रिवेणी संगम आज पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा।

# पुलिस की संवेदनशील पहलः बीच सड़क प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को समय पर पहुंचाया अस्पताल

### जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

**जागरण वैढ़न।** पुलिस अधीक्षक शियाज़ केएम के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन में सिंगरौली पुलिस लगातार कानून व्यवस्था के साथ.साथ मानवीय सेवा के कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में की भोर लगभग 04.00 बजे चौकी खुटार की एफआरवी.4 नियमित भ्रमण पर थी। भ्रमण के दौरान खुटार बाजार के पहले तालाब के पास पुलिस टीम को बाबूलाल केवट निवासी ग्राम ढेकी मिले जिन्होंने बताया कि वे अपनी पत्नी सुमन केवट उम्र लगभग 25 वर्ष को प्रसव हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल खराब हो गई। इसी दौरान सड़क पर ही महिला का प्रसव हो गया तथा अस्पताल तक पहुंचने के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षक योगेन्द्र मिश्रा एवं एफआरवी पायलट रामभुवन शाह ने तत्काल चौकी प्रभारी खुटार उप निरीक्षक श्रीमती शीतला यादव एवं रात्रि मुंशी प्रधान आरक्षक सच्चिदानंद तिवारी को सूचना दी। इसके बाद बिना समय गंवाए पुलिस टीम ने नवप्रसूता एवं नवजात शिशु को पूरी सावधानी एवं संवेदनशीलता के साथ एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा जच्चा एवं नवजात का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाए जिसमें मां एवं बच्चा दोनों पूर्णतः सुरक्षित पाए गए। परिजनों ने समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए सिंगरौली पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। सिंगरौली पुलिस का यह सराहनीय कार्य एक बार फिर साबित करता है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं हैए बल्कि संकट की हर घड़ी में आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। इस मानवीय एवं सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक श्रीमती शीतला यादव चौकी प्रभारी खुटार प्रधान आरक्षक सच्चिदानंद तिवारी रात्रि मुंशी आरक्षक योगेन्द्र मिश्रा तथा एफआरवी पायलट रामभुवन शाह की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

# बालिकाओं हेतु जागरुकता कार्यशाला का आयोजन



**जागरण विंध्यनगर।** छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डीपीएस विंध्यनगर में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन् विषय पर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्किट एवं पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एनटीपीसी विन्याचल चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञों डॉ प्रतिमा महेंद्र एवं डॉ मयूराक्षी भराली द्वारा माहवारी से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों स्वच्छता पोषण तथा इससे जुड़े मिथकों और भ्रांतियों के बारे में सरल एवं प्रभावी जानकारी दी गई। कार्यशाला का सफल आयोजन प्राचार्य डॉ जनार्दन पांडेय के निर्देशन में श्रीमती इभा पाण्डेय और श्रीमती शुभा महाजन द्वारा किया गया। छात्राओं ने दोनों डॉक्टर विशेषज्ञ की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जलखाता तालाब जीर्णोद्धार कार्य की वस्तुस्थिति से कराया गया अवगत

**जागरण वैढ़न।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत मझोली में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों को लेकर वास्तविक स्थिति यह है कि जलखाता तालाब के गहरीकरण और जीर्णोद्धार का यह कार्य पूरी तरह से अडानी ग्रुप द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद से अपनी खुद की तकनीकी टीम की प्रत्यक्ष देखरेख में कराया जा रहा है जिसमें वेंडर का चयन भी स्वयं उनके द्वारा ही किया गया है। इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए ग्राम पंचायत मझोली को कोई भी शासकीय राशि हस्तांतरित नहीं की गई है और न ही पंचायत द्वारा किसी भी माध्यम से इसमें कोई शासकीय राशि व्यय या उपभोग की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा इस कार्य के संपादन के लिए केवल जीर्णोद्धार का एक वैधानिक प्रस्ताव दिया गया था जबकि कार्य को निर्धारित मानकों और पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी सीधे तौर पर अडानी ग्रुप की है। प्रशासनिक टीम द्वारा किए गए संयुक्त भौतिक निरीक्षण में जलखाता तालाब् के जीर्णोद्धार का कार्य धरातल पर पूरी गति से प्रगतिरत पाया गया है और प्रेमलाल विश्वकर्मा के घर के समीप नाले में बनने वाले नवीन तालाब के संबंध में भी तकनीकी औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण अंचलों में जल संवर्धन के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की नियमित तकनीकी निगरानी की जा रही है ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन सुनिश्चित हो सके और ग्रामीणों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

# दुर्घटनाओं के प्रति अपनाएं जीरो टॉलरेंस, नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रांसपोर्टर होंगे ब्लैकलिस्ट

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**जागरण वैढ़न।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह कलेक्टर गौरव बैनल एवं पुलिस अधीक्षक सियाज के.एम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी मानसून सत्र और जिले के यातायात प्रबंधन को सुगम बनाने के लिए कई कड़े नीतिगत निर्णय लिए गए। सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले तत्वों और नियमों की अनदेखी करने वाली कंपनियों पर तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सांसद ने हेलमेट के अनिवार्य उपयोग और ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में भारी पेनल्टी लगाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिले के प्रमुख चौराहों पर जिंगल के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाए। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन कर दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों के परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट तुरंत रद्द करने के निर्देश भी दिए गए हैं। घायलों को आपातकाल में समय पर इलाज मिल सकेए इसके लिए सांसद ने पीएम राहत योजना एवं राहगीर योजना का व्यापक प्रचार.प्रसार करने को कहा ताकि आम लोग इनका पूरा लाभ उठा सकें। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सांसद ने सभी शैक्षणिक संस्थानों के बाहर अनिवार्य रूप से स्पीड ब्रेकर बनाने और उन पर सफेद पेंट से मार्किंग करने के निर्देश दिए हैं ताकि दूर से ही चालकों को गति अवरोधक स्पष्ट दिखाई दे।

इसके साथ ही स्कूलों के बाहर उचित चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएंगे। बैठक में अधिकारियों को जिले के सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां भी तत्काल ब्रेकर साइन बोर्ड और अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया गया है। शहरी इलाकों में यातायात को सुचारू बनाने के लिए सांसद ने अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सड़कों के किनारे अवैध रूप से संचालित गैरेज और गुमटियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाएगा। बाजार केवल उनके निर्धारित स्थलों पर ही लगाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के भारी चालान काटे जाएंगे। आबकारी विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे गुमटियों की सघन जांच करें ताकि वहां अवैध शराब की बिक्री न हो सके। इसके साथ ही शराब की दुकानों को मुख्य सड़क से दूर स्थानांतरित करने का महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया गया। शहर के सभी बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों को तत्काल चालू करने और बंद स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए गए।

जिले में संचालित औद्योगिक कंपनियों द्वारा रोड सेफ्टी के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा करते हुए सांसद ने बेहद कड़े निर्देश जारी किए। अब कंपनियों को अपने वाहनों के लिए अलग से अनिवार्य पार्किंग व्यवस्था करनी होगी। निर्धारित एसओपी का उल्लंघन करने वाले ट्रांसपोर्टरों को सीधे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। कंपनियों को हैवी वाहनों के लिए डेडिकेटेड कॉरिडोर बनाने और सीसीटीवी कैमरों से उनकी चौबीसों घंटे निगरानी करने को कहा गया है। ट्रांसपोर्टरों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सड़कों पर परिवहन के दौरान किसी भी प्रकार का कोल फ्लैश न गिरे। आगामी मानसून के मौसम में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सांसद ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित विकास एजेंसियों को सड़कों के गड्ढे तुरंत भरने के निर्देश दिए हैं। जिन पुल.पुलियों पर जलभराव की स्थिति निर्मित होती है वहां पहले से ही चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और पानी भरने की स्थिति में बैरिकेडिंग कर आवागमन पूरी तरह रोका जाए। बैठक में एनएच.39 के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने की बात कही गई। बैठक के अंत में सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह ने भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। विधायक श्री शाह ने निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों पर जहां भी स्कूल स्थित हैंए वहां बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर अनिवार्य रूप से गति सीमा बोर्ड लगाए जाएं और विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने भारी वाहनों के रूट पर चलने वाले सभी चालकों का समय.समय पर अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराने के निर्देश दिए ताकि मानवीय चूक से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह विधायक प्रतिनिधि अरविंद चतुर्वेदी अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव एसडीएम देवसर सौरव मिश्रा एसडीएम चितरंगी देवेंद्र द्विवेदी एसडीएम माडा नंदन तिवारी नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान एसडीओपी चितरंगी जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर यातायात प्रभारी सहित जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं एवं ट्रांसपोर्टर कम्पनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीपीआर ट्रॉमा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार के वैज्ञानिक तरीकों से कराया गया अवगत

### पुलिस कर्मियों को आपातकालीन जीवनरक्षक तकनीकों का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण





**जागरण वैढ़न।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए व्यापक प्राथमिक चिकित्सा फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस.डी. सिंह एवं सचिव डॉ. ओ.पी. राय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान रेडक्रॉस के फर्स्ट एड ट्रेनर डॉ. सुशील सिंह चंदेल ने प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटनाओं हृदयाघात स्ट्रोक चोकिंग सर्पदंश जलने विषाक्तता फ्रैक्चर स्पाइनल इंजरी सहित विभिन्न चिकित्सकीय आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। विशेष रूप से कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर का डेमो एवं डम्मी पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया जिससे प्रतिभागियों ने जीवनरक्षक तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ ही स्ट्रेचर तकनीक अस्थायी स्ट्रेचर निर्माण बैंडेजिंग स्प्लिंटिंग घावों की देखभाल तथा अन्य आवश्यक प्राथमिक उपचार विधियों का भी प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में रक्तदान के महत्व एवं आवश्यकता के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता व्यक्त की। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में जय प्रकाश दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की क्षमता विकसित करने के साथ.साथ समाज में सेवा सुरक्षा एवं मानवता के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# जनगणना में ड्यूटी व पोर्टल पर 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस होने पर ही होगा स्थानांतरण

**जागरण,रीवा।** स्कूलों में नई ट्रांसफर नीति के तहत 28 जून से शिक्षकों को ऑनलाइन ट्रांसफर ऑर्डर मिलना शुरू हो जाएंगे लेकिन जनगणना कार्य में लगे हजारों शिक्षकों के तबादले पर ब्रेक रहेगा। इन शिक्षकों के तबादला आवेदन ऑनलाइन पोर्टल ही स्वीकार नहीं हुए। जिले में जनगणना ड्यूटी और 90 फीसदी ई–अटेंडेंस के चलते ट्रांसफर ना मिलने से शिक्षक परेशान है। शिक्षक लोक शिक्षण आयोग को पत्र लिखकर ट्रांसफर की गुहार लगा रहे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन ने राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग से मांग की है कि व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए ई–अटेंडेंस, जनगणना ड्यूटी और 3 साल की सेवा अवधि की शर्तों में ढील दी जाए, ताकि वर्षों से परेशान शिक्षकों को सही मायने में राहत मिल सके। पारिवारिक, स्वास्थ्य और अन्य व्यक्तिगत कारणों से लंबे समय से अपने घर या पसंदीदा क्षेत्र में ट्रांसफर की राह देख रहे हजारों शिक्षक इन नियमों से हताश हैं। शिक्षकों का कहना है कि इस प्रकार के नियम बनाने से स्थानांतरण कर पारदर्शित प्रभावित हो रही है।

### विरोध में बीता समय

बता दें कि जब शिक्षकों के लिए ऑनलाइन अटेंडेंस का आदेश जारी किया गया तो कुछ शिक्षकों ने तो ई–अटेंडेंस लगाना शुरु कर दिया लेकिन कई ऐसे शिक्षक रहे जो ज्ञापन और आवेदन में ही पड़े रहे, संगठनों के बैनर तले विरोध करते रहे। ऐसे शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ अब नहीं मिल सकेगा। जिन शिक्षकों ने संगठन के बैनर तले विरोध किया वह भी अब दबी जुबान में पदाधिकारियों को कोश रहे हैं।

# जिले में 30 सितंबर तक आयोजित होगा एक पेड़ मां के नाम अभियान

**जागरण वैढ़न।** जिला पंचायत सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे ने जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को एक पेड़ मां के नाम् अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में यह राष्ट्रव्यापी अभियान जिले में आगामी 30 सितंबर तक पूरे उत्साह उमंग और जन.भागीदारी के साथ व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि एक पेड़ मां के नाम् भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण जन एवं सामुदायिक सहयोग पर आधारित अभियान है जिसका शुभारंभ वर्ष 24 में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा स्वयं एक पौधा रोपित कर किया गया था। इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण के इस महाभियान को जिले में गति दी जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि रोपे जाने वाले पौधों की सुरक्षा और उनका जीवित रहना सबसे महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से पौधारोपण के लिए जिले के समस्त शासकीय एवं गैर.शासकीय कार्यालयों स्कूलों कॉलेजो स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सालयों के सुरक्षित प्रांगणों परिसरों का चयन किया जाए ताकि पौधों की उचित देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत रूपरेखा एवं मार्गदर्शिका सभी विभागों को संलग्न कर भेज दी गई है और सभी अधिकारियों को निर्देशानुसार समय.सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने ब्लड बैंक स्थापना एवं मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

### रोगी कल्याण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**जागरण वैढ़न।** सांसद की अध्यक्षता तथा सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामनिवास शाहए कलेक्टर गौरव बैनल एवं पुलिस अधीक्षक सियाज के. एम् की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में रोगी कल्याण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं संसाधनों तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सांसद ने ट्रॉमा सेंटर के प्रबंधन को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि उपलब्ध मानव संसाधनों का प्राथमिकता के आधार पर समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त स्टाफ की मांग से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा किसी भी मरीज को आवश्यक सुविधाओं से वंचित न रखा जाए। आपातकालीन सेवाओं में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य किया जाए तथा सभी प्रभारियों द्वारा अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ब्लड बैंक की स्थापना से संबंधित समस्त औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करन अस्पताल परिसर में स्थापित लिफ्ट का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा ट्रॉमा सेंटर में आने वाले मरीजों का उपचार यथासंभव ट्रॉमा सेंटर में ही किए जाने के निर्देश दिए गए। अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही ऑर्थोपेडिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर की समुचित व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए गएए जिससे संबंधित सर्जरी जिला चिकित्सालय स्तर पर ही संपादित की जा सके। सांसद ने ट्रॉमा अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित भंडारण एवं वैज्ञानिक निष्पादन के लिए पृथक स्टोरेज रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला चिकित्सालय परिसर में एक लाख लीटर क्षमता की ओवरहेड पानी की टंकी के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। सांसद ने वर्तमान में संचालित भूमिगत जल भंडारण टैंक का निरीक्षण कर किसी भी प्रकार के सीवरेज रिसाव को रोकने तथा टंकी में संग्रहित जल की गुणवत्ता की साप्ताहिक जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त मरीजों के परिवहन हेतु एंबुलेंस एवं अन्य संवहन सेवाओं की उपलब्धता निर्धारित समय पर सुनिश्चित किए जाने पर भी जोर दिया गया ताकि मरीजों को समयबद्ध एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक के दौरान नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह विधायक प्रतिनिधि अरविंद चतुर्वेदी सिविल सर्जन डॉ कल्पना रवि महिला बाल विकास अधिकारी जितेंद्र गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एनटीपीसी NTPC
**एन टी पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

**एनटीपीसी – विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से निःशुल्क, 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर पोंड ऐश उठाने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण – वित्तीय वर्ष–2026–27**

**ईओआई सं.** वीएसटीपीएस/पोंड ऐश/2026–27/01 **दिनांकः 29.06.2026**

**एनटीपीसी–विंध्याचल 'निःशुल्क', 'पहले आओ, पहले पाओ'** तथा **'जैसा है जहाँ है'** के आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु सिंगरौली जिला, विंध्यानगर, मध्य प्रदेश – 486885 में स्थित **एनटीपीसी–विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट** से पोंड ऐश उठाने के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती है। ऐश उठाने एवं उसके परिवहन का उत्तरदायित्व इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता का होगा।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकता(एं) निर्दिष्ट मानक प्रारूप में **rahulverma@ntpc.co.in/smpandey@ntpc.co.in** पर दिनांक **09.07.2026** को **18:00 बजे** तक प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **9426125018** अथवा **9650997385** पर संपर्क करें।

रुचि की अभिव्यक्ति हेतु **'सामान्य जानकारी'** तथा **'आवेदन हेतु मानक प्रारूप' www.ntpctender.ntpc.co.in** पर अपलोड किए गए हैं।

**पंजीकृत कार्यालयः** एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003.
**www.ntpc.co.in, सीआईएनः L40101DL1975GOI007966**

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*